दिनांक 25.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वच्छ भारत मिशन 2019 के अंतर्गत बाजारों को स्वच्छता सर्वेक्षण में किया गया सम्मिलित

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुन्दरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता बाजार प्रतियोगिता का आयोजन आज किया जा रहा है। जिसमें स्वच्छ बाजार को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरुस्कार से सम्मानित किया जायेगा। स्वच्छतम बाजार चयन हेतु प्रसाधनों की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए जैसे– महिला एवं पुरुष प्रसाधन का अलग–अलग होना व स्वच्छ होना, बच्चों एवं दिव्यांगों के लिए प्रसाधन की सुविधा, बाजार क्षेत्र की सफाई, जैसे बाजार के अंदर, व बाहर, दुकानों का स्वच्छ होना, कुडेदान का उपयोग, गीला एवं सुखा कचरे का पृथक–पृथक रखना, कचरे के निपटान के लिए कम्पोस्टिंग मशीन लगाना, बाजार के अंदर एवं बाहर संकेतक चिन्ह की उपलब्धता, पक्की सड़के एवं नालियां बाजारों के चारों ओर होनी चाहिए। बाउन्ड्रीवाल या घेरा, आम नागरिकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था, प्रवेश द्वार, और बाजारों में प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं होना, बाजार में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करना एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, नालियों की सफाई आदि मापदण्ड के आधार पर बाजार स्वच्छता प्रतियोगिता में सम्मानित किया जाना है।

जन सम्पर्क अधिकारी